Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to launch awareness programme to make India drug-addiction free.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): स्पीकर महोदय, धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । यह बहुत ही सीरियस मामला है, जिस पर मैं बात करना चाहता हूँ । आज 'एंटी ड्रग डे' है । हमारे देश की आबादी में 65 प्रतिशत युवा 35 वर्ष से नीचे हैं । पड़ोसी मुल्क से बहुत सारी ड्रग्स यहाँ पर भेजी जाती हैं । वैसे वह लड़ नहीं सकते तो हमारी आबादी को खोखला करना चाहते हैं । आपकी जानकारी के लिए मैं बताना चाहता हूँ कि ऐसी बहुत सारी दवाइयों की फैक्टरियाँ हैं, देहात में, जिले में, गाँव में और शहरों में जो दवा के नाम पर ड्रग्स बनाती हैं । यह नशा बहुत ही खतरनाक एक बीमारी है हमारे युवा के लिए, हमारे देश के लिए । यह बहुत पुरानी बीमारी है । यह बहुत पुरानी एक सोची हुई साज़िश यहाँ 1960 से चली आ रही है ।

हमारी सरकार इस पर बहुत काम कर रही है । मैं 600 फिल्में कर चुका हूँ । मेरे बहुत सारे स्टार मित्र बॉलीवुड से हैं । वे गाँव, देहात, शहर में काउन्सलिंग के लिए जा सकते हैं । अगर इसके लिए हमें घूमना पड़े तो हम घूमेंगे । हम इसकी अवेयरनेस करवायें । मेरा भारत नशा मुक्त होना चाहिए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री रविंद्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ रवि किशन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।